हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 17 जुलाई 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री



टोल टैक्स फ्री करने की मांग को मिल रहा है चौतरफा... 12


काव्यांश ने किया महासमुंद विधायक का सम्मान 12


## खबर संक्षेप

### मोहर्रम पर आज शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए बुधवार 17 जुलाई 2024 को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर प्रभात मलिक ने मोहर्रम के लिए घोषित शुष्क दिवस पर महासमुंद जिले की समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा देशी मदिरा भंडारण भांडागार, महासमुंद को बंद रखने के लिए आदेशित किया है। उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### महुआ शराब की बिक्री, दो के खिलाफ मामला

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने महुआ शराब बिक्री के दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चिपरीकोना के सपनो सिदार पिता राम सिदार (36 साल) के कब्जे से 9000 एमएल महुआ शराब कीमत 1800 रुपए और ग्राम मंजनीमाटी के अनिश धृतलहरे पिता तेजराम (19 साल) के कब्जे से 6000 एमएल महुआ शराब कीमत 1800 रुपए को जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

### युवती ने फांसी लगाई

**महासमुंद।** ग्राम नाहनाचंडी रायपुर निवासी युवती ने सरायपाली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सरायपाली पुलिस ने बताया कि हेमलता जांगड़े पिता भारतलाल जांगड़े (29 साल) निवासी ग्राम नाहनाचंडी रायपुर ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है

# शालाओं की मरम्मत, निर्माण में खर्च कर दिए 33 करोड़, नहीं सुधरे हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2022 और 23 में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्कूलों के निर्माण और भवन मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हो पाया है और 2024 में 332 स्कूलों के लिए करीब दो करोड़ रुपए की स्वीकृति मिलने के बाद राशि भी जारी कर दी गई है। जबकि, बीते दो सत्र के दौरान स्वीकृत किए गए 219 स्कूलों की मरम्मत प्रगति पर है या कार्य शुरू भी नहीं हो पाया है। कुल मिलाकर स्कूल भवन में निर्माण और मरम्मत के नाम पर इस शैक्षणिक सत्र में भी विद्यार्थियों को बैठने के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

राज्य सरकार ने लोक शिक्षण मद मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत जिले में शालाओं की मरम्मत और निर्माण के लिए राज्य सरकार ने महासमुंद में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग और हाउसिंग बोर्ड को इस मकसद के साथ एजेंसी बनाया था की स्कूलों का निर्माण ठीक-ठाक और समय पर पूर्ण कर लिया जाएगा। लेकिन, कम से कम जिले में ऐसा होता दिख नहीं रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को 400 स्कूलों को दुरुस्त करना था। जिसके लिए 2588.37 रुपए स्वीकृत किए गए। जिसमें विभाग 288 कार्य पूर्ण बता रहा है। सूत्रों के मुताबिक जिन कामों को विभाग पूर्ण बता रहा है। वास्तव में उन कामों में केवल लीपापोती की गई है और जो 112 कार्य प्रगतिरत बताए गए हैं, इसमें से कई कार्य शुरू नहीं हो पाया है। हाउसिंग बोर्ड को 2681.26 रुपए की लागत से 194 स्कूलों के निर्माण व मरम्मत का कार्य दिया गया है। इसमें से 87 कार्य पूर्ण और 107 प्रगतिरत बता रहा है।

## बारिश में भी नौनिहालों को नसीब नहीं हो पाई सुरक्षित छत

### खतरों के बीच करेंगे बच्चे पढ़ाई

जिन स्कूलों में मरम्मत या निर्माण कार्य किया जाना है और कार्य अपूर्ण या शुरू नहीं किए गए है, वहां के बच्चे इस शैक्षणिक सत्र में भी खतरों के बीच पढ़ाई कर रहें। मानूसन सीजन की बारिश के दिनों में टपकती छत के बीच परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासनिक ढीलढाल रवैए के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।



### 15 तक दी गई थी डेडलाइन

बीईओ महासमुंद लीलाधर सिन्हा ने बताया कि अभी कई स्कूलों में मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो पाया है। कार्य एजेंसियों को 15 जून तक कार्य पूर्ण करने के लिए कहा गया था। इसके बावजूद कई स्कूलों में कार्य अपूर्ण है। आरईएस के कार्यपालन अभियंता आनंद राम ध्रुव ने बताया कि फंड की कमी के कारण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा था। अब फंड मिलने के बाद कार्य में तेजी आई है।

## समस्या: आसपास के दर्जनभर गांवों में धान की बोआई प्रभावित

# हाथी बदल रहे लोकेशन, ग्रामीणों को करना पड़ रहा रतजगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लंबे समय के बाद सिरपुर क्षेत्र में धमके तीन दंतैल का दिन और रात को लोकेशन बदलने से आसपास के करीब दर्जन भर गांव वालों को रात्रि जागरण करना पड़ रहा है। हाथियों के दहशत में खेती के सीजन में वे घर के अंदर दुबकने का मजबूर हैं। दो दिन से जंगल में रहने वाले दंतैल मंगलवार को हाथियों के पदचिन्ह खेतों में देखे गए, जिससे किसान भयमुक्त होकर फसल बोआई का कार्य नहीं कर पा रहे हैं।

बता दें कि करीब तीन साल पूर्व हाथियों के बड़े दल से महासमुंद ब्लॉक परेशान रहा। खासकर सिरपुर का क्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित रहा। जिले में अब तक हाथियों के कुचलने से दर्जनों मौत हो चुकी है तथा लाखों का नुकसान भी हो चुका है। लेकिन, लंबे समय से हाथियों के विचरण से मुक्त सिरपुर का क्षेत्र एक बार फिर हाथियों की धमक से दहशत में है। इन दिनों खरीफ फसल धान की बुआई जोरों पर है। ऐसे में सिरपुर क्षेत्र में हाथियों के आने से खेती-किसानी का काम प्रभावित हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय तक क्षेत्र में हाथियों का डेरा था, जिससे हमेशा डर बना रहता था। वन विभाग के अनुसार वन मंडल महासमुंद कक्ष क्रमांक 131, 132 और 133 के वन विकास निगम के बांस प्लांट के जंगल में ओडिशा से 3 दंतैल हाथी विचरण करते देखा गया। वहीं, रात्रि में केशलडीह के एक ग्रामीण के घर के पास भी पहुंचे। मंगलवार सुबह खेतों में हाथियों के पैरों के निशान देखे गए। जबकि, शाम तक कक्ष क्रमांक 59,58,55,60 में बताए जा रहे हैं।



### हाई अलर्ट

वन विभाग ने ग्राम खिरसाली, बंढोरा, केशलडीह, तालझर, नांदबारू, सुकुलबाय, झाखरमुड़ा, रूमेकेल, दलदली, अचानकपुर, फुसेराडीह के ग्रामीणों को सतर्क रहने कहा है और अपील की है कि सतर्क रहें। खासकर रात को ज्यादा सतर्कता बरते। खेतों की ओर जाने से पहले हाथियों के लोकेशन की जानकारी लें।हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना दें।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, बागबाहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम खुसरूपाली में दो पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद में मारपीट, हाथापाई की घटना हुई है। मामले को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। बागबाहरा थाने में इस मामले में कुल 16 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि खुसरूपाली के रामकिशन पिता तुलाराम पटेल (55 वर्ष) के साथ 14 जुलाई की शाम करीब 7.20 बजे जबरन मीटिंग में ले जाकर आरोपी बाबूलाल, लक्ष्मीनाथ निषाद, टिकेश्वर साहू, रामजी ठाकुर, बिसनाथ निषाद, नंदनीबाई चौहान, कुंतीबाई ठाकुर, थलेश्वरी ध्रुव, पीलाबाई चौहान, कुसीबाई निषाद, विलासीबाई ठाकुर, सोनई बाई यादव, कमलाबाई यादव ने एक मत होकर मारपीट और गाली गलौज किया।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी मारपीट के दौरान बेहोश हो गया, बाद में उसके बेटे सूरज कुमार ने शासकीय अस्पताल बागबाहरा ले जाकर भर्ती कराया।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि मूल विवाद का कारण जमीन को लेकर है। खसरा नंबर 141/1 रकबा 5.990 है में पिछले 50 वर्ष से काबिज होकर कास्त कर रहा हूं, परंतु गांव वाले डरा धमकाकर गांव से भागो कहते हैं नहीं तो तुम सभी परिवार वालों को पेट्रोल डालकर आग लगाकर मार देने की धमकी देते हैं। बागबाहरा पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर 13 लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 191(2), 296, 351(2)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### दूसरे पक्ष की रिपोर्ट

दूसरे पक्ष की रिपोर्ट को लेकर ग्राम खुसरूपाली पीलाबाई पति कुशराम (40 वर्ष) ने रिपोर्ट लिखाई है, जिसे लेकर पुलिस ने बताया कि 14 जुलाई की शाम करीबन 05 से 06 बजे के मध्य गांव के महिला समिति महिलाओं के साथ शासकीय बड़े झाड़ की भूमि खसरा नं 141/1 रकबा 5.99 हे. को रामकिशन पिता तुलाराम पटेल के द्वारा अवैधानिक रूप से कब्जा किया जा रहा था, जिसे ग्रामीणों द्वारा मना करने पर आरोपी रामकिशन, उसकी पत्नी लीला बाई एवं पुत्र सुरेश के द्वारा गाली गलौज एवं सामान्य हाथापाई किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### ट्रैक्टर से गिरे बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**महासमुंद।** ट्रैक्टर से गिरकर घायल हुए बुजुर्ग की रायपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बसना पुलिस ने बताया कि चूड़ामणि प्रधान पिता ब्रह्मा प्रधान (60 साल) निवासी ग्राम सीतापुर 1 फरवरी को ट्रैक्टर से गिरकर घायल हो गया था। जिसका इलाज रायपुर के अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने पर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# बारिश के मौसम में बीमारी एवं जहरीले जीव-जंतुओं के निकलने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बारिश का मौसम आते ही जहरीले सांप, बिच्छू व कीड़ों के काटने के साथ वायरल इंन्फेक्शन का खतरा बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में लोगों का जागरूक एवं सावधानी बरतने की अवश्यकता है। अधिकतर बच्चो एवं बुजुर्गों को बीमारियों एवं सांप, बिच्छू या जहरीले कीड़े के काटने का खतरा रहता है जिसमें तत्काल उपचार की जरूरत होती है।

बता दें कि वर्षा का पानी बिलों में भरने और बिलों के तापमान में होने वाले परिवर्तन के कारण सांप को बिलों से बाहर निकलते हैं। सुरक्षित स्थान और खाने की तलाश में सांप अक्सर घरों या बाड़यिों में घुस जाते हैं और सर्पदंश की घटना होती है। सर्पदंश की स्थिति में तत्काल पीड़ति को एंटी स्नेक वेनम लगाया जाना आवश्यक है। सर्पदंश के ज्यादातर मामले वनांचलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। अधिकांश ग्रामीण बारिश के मौसम में भी जमीन पर सोते हैं। इससे उनके सर्पदंश के शिकार होने की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने सर्पदंश से बचने के लिए ग्रामीणों को बारिश के मौसम में जमीन पर नहीं सोने और सर्प दंश की स्थिति में तत्काल नज़दीक़ी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेने की सलाह दी है।



### बरसात में हो सकती है ये बीमारी

बरसात के मौसम में फ्लू के अलावा स्ट्रीट फूड लोगों की हेल्थ को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। इस मौसम में लोगों को पेट के इंफेक्शन, लूज मोशन और गैस्ट्राइटिस की समस्या हो सकती है। इसके अलावा दूषित पानी पीने से मलेरिया, हैजा और पीलिया की बीमारी का जोखिम बढ़ जाता है।

# विस घेराव करने जाएंगे जिले के युकां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला युवा कांग्रेस की बैठक लेने प्रदेश युकां अध्यक्ष आकाश शर्मा का नगर आगमन हुआ। इस दौरान नेहरू चौक में शर्मा का युकां प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू के नेतृत्व में युकांजनों ने भव्य स्वागत किया।

कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में आकाश शर्मा ने जिले के युकां पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की बात कही। उन्होंने बताया कि आगामी 24 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में विधान सभा घेराव कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें युवा कांग्रेस की सहभागिता अधिक से अधिक करने संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने जिले में युवा कांग्रेस की सक्रियता व गतिविधियों पर भी चर्चा करते हुए कहा कि जिले में युवा कांग्रेस की सक्रियता सराहनीय है।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक को प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू, सौरभ लोधी अध्यक्ष विधानसभा युकां, शाहबाज़ राजवानी जिलाध्यक्ष एनएसयूआई ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अमन चंद्राकर जिला उपाध्यक्ष युका, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, कान्हा प्रधान, सन्नी महानन्द, देवेंद्र चंद्राकर, मोहम्मद अज़हर, पूनम ध्रुव, पुष्कर साहू, अब्दुल सुफियान, आकाश निषाद, रत्न पाल, टेमन साहू, होरीलाल साहू, टकेन यादव, दामू साहू, आयुष भोसले, कुणाल सेन, मोहित यादव, सोमेश्वर साहू, बबलू कन्नौजे, युवराज कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पेट्रोल पंप कर्मचारी से युवकों ने मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

उधार में पेट्रोल डालने से मना करने पर दो बाइकों में सवार होकर आए युवकों ने पंप कर्मचारी से मारपीट कर दी। मामला ग्राम शेर स्थित पेट्रोल पंप का है। सिटी कोतवाली में प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि दुर्जेंद्र साहू पिता कार्तिक साहू (22 साल) ग्राम शेर के सनराइस किसान सेवा केंद्र पेट्रोल पंप में काम करता है। 15 जुलाई की सुबह 9 बजे पल्सर मोटर साइकल सीजी 06 जीएक्स 1554 तीन लड़के एवं बिना नंबर की बजाज प्लेटिना में तीन लोग पंप में आए।

पुलिस ने बताया कि पल्सर चालक अनिल ध्रुव ने अपनी बाइक में उधार में पेट्रोल डालने कहा। जब प्रार्थी ने उसे कहा कि पूर्व में भी उधार है और पैसा दो, तब पेट्रोल डालूंगा, इसी बात पर आरोपी अनिल ध्रुव एवं उसकी मोटर साइकल में बैठे जितेंद्र साहू तथा प्लेटिना मोटर साइकिल में बैठे तीन लोगों ने धक्का मुक्की एवं गाली गलौज कर मारपीट किया, जिससे सिर एवं गाल में चोट आई है। प्रार्थी ने मामले में आरोपी अनिल ध्रुव, लवेश ध्रुव, जितेंद्र साहू उसके साथी एवं अन्य तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर महासमुंद थाने में धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### जिले में अब तक 216.8 मिलीमीटर औसत वर्षा

#### सर्वाधिक वर्षा महासमुंद तहसील में 291.3 मिलीमीटर

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 216.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 291.3 मिलीमीटर, बसना में 263.2 मिलीमीटर, सरायपाली में 230.3 मिलीमीटर, पिथौरा में 194.2 मिलीमीटर, बागबाहरा में 191.6 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 130.5 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 16 जुलाई को 13.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में बसना तहसील में 19.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 15.5 मिलीमीटर, सरायपाली में 14.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 11.3 मिलीमीटर, कोमाखान में 10.6 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 6.6 मिलीमीटर बागबाहरा तहसील में दर्ज की गई।

## कलेक्टर एवं एसपी ने ली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर करें कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर प्रभात मलिक की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू, ओंकारेश्वर सिंह, हरिशंकर पैकरा, सृष्टि चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा, मनोज कुमार खांडे, जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास, सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, दुर्घटना नियंत्रण के उपाय व सड़क सुरक्षा जागरुकता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सड़क दुर्घटना रोकने, ओवर स्पीडिंग को नियंत्रित करने तथा आवश्यक सुरक्षा साधनों का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन स्थानों पर रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था, स्पीड लिमिट बोर्ड, रंबल स्ट्रीप, कैमरा, रोड मार्किंग जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके लिए यातायात, परिवहन, एनएचपीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, विभागों को संयुक्त टीम बनाकर सभी ब्लैक स्पॉट स्थानों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने सड़कों से आवारा मवेशियों को हटाने नियमित अभियान चलाने तथा रेडियम पट्टा पहनाने भी कहा।




कलेक्टर ने कहा कि जिले में शासकीय व निजी हाई स्कूल-कॉलेजों में दुपहिया वाहनों से आने वाले छात्र हेलमेट पहनकर आए इसका पालन कराने के लिए संबंधित संस्था के प्राचार्य उत्तरदायी होंगे। उन्होंने जिले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कहा कि कार्यालय के सामने ही सूचना चस्पा किया जाए कि कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी व आमजन, जो दो पहिया वाहन में आते है, सभी हेलमेट पहन कर कार्यालय आएं। हेलमेट पहन कर नहीं आने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी को हर महीने ब्लॉक में शिविर लगाकर लर्निंग एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के निर्देश दिए। यह निर्णय सड़क दुर्घटनाओं में दो पहिया वाहन चालकों की मौत की घटनाओं को देखते हुए लिया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों में वाहन चेकिंग उड़नदस्ता सक्रिय रहें। साथ ही बिना हेलमेट पहने, बिना सीट बेल्ट लगाए, ओवर स्पीडिंग करने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए तीन सवारी वाहन चालकों, मुख्य मार्गों एवं व्यस्त सड़कों पर मोबाइल पर बात करते हुए मोटर सायकल चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अनियंत्रित गति से चलने वाले हाइवा और ट्रैक्टर पर पुलिस और आरटीओ संयुक्त रूप से कार्रवाई करें।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

# छत्तीसगढ़ से खेलेंगे मुंबई के स्टार क्रिकेट खिलाड़ी भूपेन लालवानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी और विजय हजारे समेत सैयद मुश्ताक टी-20 ट्रॉफी के लिए मेंस सीनियर खिलाड़ियों की सूची जारी की है, जिसमें मुंबई से सलामी बल्लेबाज भूपेन लालवानी का नाम शामिल है। भूपेन के आने से अब छत्तीसगढ़ की टीम और भी मजबूत हो सकती है।

खास खबर

बता दें कि 2023-24 सीजन के रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाया था। अब आगे घरेलू सीजन में छत्तीसगढ़ के लिए खेलने का फैसला किया है, क्योंकि वह घरेलू क्रिकेट में सफेद गेंद के खेल खेलना चाहते हैं। जानकारी के मुताबिक लालवानी ने इस संबंध में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन, एमसीए को अनापत्ति प्रमाणपत्र, एनओसी के लिए आवेदन किया था। संघ के 36 खिलाड़ियों की सूची में शशांक सिंह, अमनदीप खरे, अजय मंडल समेत प्रदेश के खिलाड़ी शामिल हैं।

## पिछले सीजन में रणजी ट्रॉफी में बनाए थे सर्वाधिक रन

- छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने 36 सीनियर खिलाड़ियों की सूची की जारी



### 10 मैच में 5 अर्धशतक और 1 शतक

शानदार प्रदर्शन करते हुए लालवानी ने पिछले सीज़न में मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में 10 मैचों में 39.20 औसत से 588 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक और एक शतक शामिल था। अभी तक 14 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतकों के साथ 681 रन औसत 34.05 रन बनाए हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने वनडे या टी 20 क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है।

### सफेद गेंद से आईपीएल की तैयारी

आईपीएल में खेलने के लिए भूपेन छत्तीसगढ़ टीम से घरेलू क्रिकेट में सफेद गेंद से खेलना चाहते हैं। उनका कहना है कि बेहतर अवसरों के लिए मुंबई छोड़ रहा हूं, मैं सभी प्रारूपों में घरेलू क्रिकेट खेलना चाहता हूं, जो मुझे छत्तीसगढ़ के लिए मिलेगा। लालवानी के साथ छत्तीसगढ़ के ड्रेसिंग रूम में अब तीसरे मुंबई के खिलाड़ी होंगे। आईपीएल-2024 में पंजाब किंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और विकेटकीपर-बल्लेबाज एकनाथ केरकर जिन्होंने 2022 के घरेलू सीजन में मुंबई के सलामी बल्लेबाज अखिल हेरवाडकर भी छत्तीसगढ़ के लिए खेले थे, जबकि मुंबई के पूर्व विकेटकीपर सुलक्षण कुलकर्णी 2016-17 सीजन में मध्य भारत की टीम के मुख्य कोच थे। पांडिचेरी चले गए ऑलराउंडर अमन खान के बाद लालवानी दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने इस सीजन में मुंबई छोड़ी है।

## खबर संक्षेप

### राज्य कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाएं देने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों सहित प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने राज्य कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाएं देने की मांग स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की है। इस मौके पर संघ के प्रांताध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि लिमिटेड वेतन पर गुजर-बसर कर रहे कर्मचारी पर वज्रपात हो जाता है, जब परिवार का सदस्य बीमार हो जाता है। ज्ञात हो कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा दिवस के अवसर पर 1 जुलाई से अपने कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य योजना का तोहफा दिया है। इसी तरह राज्य कर्मचारियों के लिए राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर से कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालयों में प्रति तीन माह के अंतराल में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि बीमारियों का समय पूर्व निदान हो सके। मांग करने वालों में संघ के तीरथराम साहू, जीआर चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, डॉ. विद्यावती चंद्राकर, मनीष दीपक साहू, योगेश्वर साहू, श्रवण सिन्हा, बीआर साहू, गोविंद राम साहू, गोपेश्वर वर्मा आदि शामिल थे।

### बाइक से रेस लगाने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ बाइक से रेस लगाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, आर्यन बंजारे ने गोलू उर्फ गंगाधर ध्रुव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। आर्यन ने पुलिस को बताया कि वह सिलयारी में रविवार को अपने दोस्त के साथ खड़ा था। इसी दौरान गोलू नशे की हालत में उसके पास पहुंचा और बाइक से रेस लगाने के लिए कहा। आर्यन द्वारा रेस लगाने की बात से इनकार करने पर गोलू ने आर्यन के साथ मारपीट की।

### दिनदहाड़े फायरिंग, कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र अंतर्गत एक कारोबारी के कार्यालय के बाहर दिनदहाड़े फायरिंग की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय राजधानी रायपुर को शांत शहर के नाम पर जाना जाता था और छत्तीसगढ़ को शांति के टापू के नाम से जाना जाता था, लेकिन राज्य गठन होने के बाद विगत दो दशक से रायपुर अशांत हो गया है। रायपुर में अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है, गोलीकांड और फायरिंग जैसी गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं, जो की बहुत ही दुख और चिंता का विषय है।


### नीलिमा को पीएचडी

**रायपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर ने नीलिमा सिन्हा को



मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग एवं मटेरियल साइंस विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय थ्योरोटीकल डेवलपमेंट ऑफ नोवल पोरस मटेरियल विथ दियर एप्लिकेशन इन सस्टेनेबल एनर्जी टेक्नोलॉजी रहा। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. पखीरा एवं डॉ. धीरेंद्र राय के नेतृत्व में पूर्ण किया। डॉ. नीलिमा के नाम पर 10 से अधिक एससीआई-स्कोपस अनुसंधान प्रकाशित हैं। वर्तमान में वे आईआईटी मुंबई में शोधरत हैं। वे भाठागांव निवासी भूपेश कुमार सिन्हा एवं शकुंतला सिन्हा की सुपुत्री हैं।

### तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया पौधारोपण



**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा तेलीबांधा मुक्तिधाम में पौधारोपण किया गया, जिसमें 45 पौधों लगाए गए। पौधारोपण करने वालों में मंडल के अध्यक्ष दिलीप इसरानी, महासचिव सुनील अजवानी के साथ ऋतुराज पेशवानी, नरेश लालवानी, हरीश अजवानी, शंकर लाल दानवानी, राजेश विधानी, अनिल हिमानी एवं गोविंद खेमानी उपस्थित रहे।

## शहरी क्षेत्र में मनरेगा लागू नहीं होने से फंड के अभाव में अटक रहा निर्माण

# निगम सीमा में 469 आंगनबाड़ी भवन विहीन हर महीने 12 लाख से ज्यादा किराया भी दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

स्मार्ट सिटी में जहां कई हाईटेक सुविधा लोगों को मिल रही है, वहीं वार्डों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए चलाए जा रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों में 469 का संचालन किराए के भवनों में किया जाता है। शहर में जगह और फंड के अभाव में विभाग को किराए के भवनों में संचालित केंद्रों का हर महीने 12 लाख से ज्यादा किराया देना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में मनरेगा लागू नहीं होने व सिर्फ 30 प्रतिशत बजट ही विभाग को सरकार से मिलता है। इससे किराए के भवनों से आंगनबाड़ी केन्द्रों को मुक्ति नहीं मिली।

अलग खबर

जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के भवनों की स्थिति जांचने पर नई बात सामने आई। इसमें पता चला कि रायपुर जिले में 1882 आंगनबाड़ी एवं मिनी केंद्र हैं। इनमें से ग्रामीण क्षेत्र में ही 1410 केंद्रों का संचालन विभाग द्वारा बनवाए गए भवनों में किया जाता है। ग्रामीण बेल्ट में सिर्फ 3 केंद्र ही ऐसे हैं, जिनके लिए भवन नहीं बना है। इस मामले में शहरी क्षेत्र की आंगनबाड़ियों में स्थिति ज्यादा खराब है। वजह जांचने पर पता चला कि शहरी क्षेत्र यानी निगम सीमा में मनरेगा के तहत काम कराने की गाइडलाइन नहीं है। इसके कारण भवन बनाने पर होने वाले कुल खर्च 12 लाख 50 हजार का 70 फीसदी फंड मनरेगा व 30 प्रतिशत राज्य शासन से मिलता है। अभी राज्य शासन से फंड मिलने के बाद भी भवनों का निर्माण अटका है।




- ग्रामीण बेल्ट में सिर्फ 3 केंद्र ही ऐसे हैं, जिनके लिए भवन नहीं बना

### अभी शहरी क्षेत्र के लिए स्वीकृति नहीं

समय-समय पर शहरी क्षेत्र में भी आंगनबाड़ी बनाने के लिए फंड मिलता है। निगम सीमा में मनरेगा लागू नहीं होने की वजह से भवन निर्माण नहीं हो पा रहा है। शहरी क्षेत्र में केन्द्र बनाने स्वीकृति भी नहीं मिली। नियम के मुताबिक किराए की तय राशि केंद्रों को दी जाती है।

**- निशा मिश्रा,** डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर

### किराए के भवनों में जगह भी कम

शहर की सीमा में गर्भवती महिलाओं व कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार देने की व्यवस्था किराए के भवनों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को करनी पड़ रही है। विभाग से किराया कम मिलने से एक कमरे और छोटे बरामदे के रूप में मिलने वाली जगह में ही बैठाना पड़ता है। बच्चों को खेलने की सुविधा भी किराए के भवनों में खुले आंगबाड़ी केंद्रों में नहीं मिलती। ऐसे भवनों में केंद्र होने से गोद भराई व अन्नप्राशन का आयोजन निगम के भवनों के भरोसे होता है। सीमित जगह होने से आंगनबाड़ी केन्द्र में मिलने वाली सुविधा भी प्रभावित है।

### नहीं मिल रहा मनरेगा का 8.75 लाख

एक आंगनबाड़ी भवन बनाने का खर्च 12.50 लाख रुपए आता है। इसमें 8 लाख 75 हजार रुपए मनरेगा से होने वाले काम के बदले ग्रामीण क्षेत्र को मिल जाते हैं। इससे ग्रामीण इलाके में 1410 आंगबाड़ी भवन विभाग ने बनवा लिया है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति शहरी क्षेत्र यानी निगम सीमा में आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों की है। यहां मनरेगा के तहत काम कराने का नियम नहीं है। इससे 469 केंद्रों का भवन अभी तक नहीं बना है। इसका खामियाजा विभाग को हर महीने किराया भुगतान करना पड़ रहा है। सुविधा भी गाइडलाइन के अनुरूप नहीं मिलती।

# स्वीमिंग पूल में एनआईटी के छात्र की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व स्वीमिंग सीखने गए एनआईटी सेकेंड ईयर के छात्र की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना 11 जुलाई शाम 4 बजे के करीब हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच करने तथा छात्र के पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक खमतराई में रहने वाले कारोबारी का पुत्र बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, स्वीमिंग पुल में डूबने से कोंडरी आयुष की मौत हुई है। घटना दिनांक को कोंडरी आयुष सेकेंड शिफ्ट में स्वीमिंग सीखने के लिए गया था। स्वीमिंग पूल में एम्स अस्पताल का एक डॉक्टर भी आया हुआ था।

बताया जा रहा है, कोंडरी आयुष तैरते हुए काफी दूर निकल गया। वापस लौटने के दौरान वह डूबने लगा। इसी दौरान मौके पर उपस्थित डॉक्टर ने छात्र को स्वीमिंग पूल में डूबते हुए देख उपस्थित सुरक्षाकर्मियों को छात्र को स्वीमिंग पूल से बाहर निकालने के लिए कहा।

- मौके पर उपस्थित एम्स के चिकित्सक ने छात्र को डूबते देख स्वीमिंग पूल से बाहर निकलवाया
- घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व की, छात्र की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

### पेट से पानी निकालने के बाद भी नहीं बची जान

पुलिस के अनुसार, कोंडरी आयुष को स्वीमिंग पूल से बाहर निकालने के बाद डॉक्टर ने छात्र के पेट दबाकर पानी निकालने की कोशिश की तो छात्र ने उल्टी की। इसके बाद छात्र को गंभीर स्थिति में उपचार के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया। पांच घंटे के उपचार के बाद भी उसे नहीं बचाया जा सका। छात्र के लंग्स में काफी मात्रा में पानी जमा होने की वजह से मौत होने की बात सामने आई है।

# मामूली विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला, आठ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- घटना आमानाका थाना क्षेत्र की
- बोर चालू करने के विवाद पर जानलेवा हमला

आमानाका थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के चलते चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बोर चालू करने की बात को लेकर गाली-गलौज करने से रोकने पर बदमाशों ने लांड्री कर्मचारी पर लाठी, डंडे, चाकू तथा नारियल काटने वाले औजार से जानलेवा हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, खेमचंद चौधरी की शिकायत पर ऋषभ नेताम, सूरज नेताम, विशाल जगत, संजय सोनी, आदित्य नाग, यशवंत सोनी, जय सोनी, रमाकांत यदु को गिरफ्तार किया है। खेमचंद ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को अपने साथियों के साथ डूमर तालाब अटल आवास स्थित लांड्री वर्कशॉप के पास बैठा था। अटल आवास के पास बैठे बदमाशों ने खेमचंद को बोर चालू करने के लिए कहा। बोर चालू करने में देर होने पर बदमाश खेमचंद के साथ गाली-गलौज करते हुए वर्कशॉप के शटर को लात से पीटने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसके शरीर के अलग-अलग भाग में चाकू तथा नारियल काटने वाले औजार से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए, जिन्हें बाद में पुलिस ने तलाश कर गिरफ्तार किया।

# 33 जिलों के लिए माह जुलाई का 552 किलोलीटर केरोसिन आवंटित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश के 33 जिलों के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने 552 किलोलीटर केरोसिन उचित मूल्य दुकानों के लिए आबंटन जारी किया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह जुलाई 2024 के लिए गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशनकार्डो में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत केरोसिन प्रदाय किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों एवं हॉकर्स के लिए उचित मूल्य दुकानवार ऑनलाइन आवंटन जारी किया गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित समस्त अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले राशनकार्डधारी हितग्राहियों को केरोसिन की पात्रता होगी। इसी प्रकार समस्त नगरीय क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों के लिए अधिकतम एक लीटर केरोसिन की पात्रता होगी और ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों तथा गैर अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों को अधिकतम 2 लीटर केरोसिन की पात्रता होगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के संचालक ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं और उचित मूल्य दुकान के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को केरोसिन का वितरण कराने के लिए कहा है।

# मंत्री बघेल ने कहा- खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने ली समीक्षा बैठक

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सोमवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के सभा कक्ष में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर खाद्य विभाग के सचिव बसवराजू एस. विशेष सचिव केडी कुंजाम और खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि विभाग का दायित्व एवं प्राथमिकता सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है और समय पर उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन उपलब्ध कराना है। दूरस्थ क्षेत्रों में चना, गुड़, शक्कर, राशन आदि की आपूर्ति समय पर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य वस्तुओं के आपूर्ति, भण्डारण एवं वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। खाद्य मंत्री ने चावल के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश दिए हैं और उचित मूल्य दुकानों आंगनबाड़ी, स्कूल, छात्रावास में गुणवत्ता युक्त चावल भण्डारण एवं वितरण करने के लिए कहा है।

समीक्षा बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लक्ष्य के विरुद्ध चावल उपार्जन की स्थिति, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चना वितरण करने के संबंध में चर्चा कह गई। शक्कर, नमक तथा केरोसिन उपभोक्ताओं को वर्षा ऋतु से पूर्व अग्रिम भण्डारण सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।

### ये है मामला

ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने वाली रचना मिश्रा के मुताबिक, वर्ष 2022 में उसे एम्स में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर आरोपी दामोदर प्रधान और मनीषा वर्मा ने सवा दो लाख रुपए ठग लिए थे। प्रार्थिया ने आरोपियों को रकम भाठागांव बस स्टैंड में दी थी।

# नए कानून बीएनएस के तहत जिले में पहली ऑनलाइन एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

देश में नया कानून भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद राजधानी रायपुर में पहली ऑनलाइन एफआईआर दर्ज हो गई। टिकरापारा थाने में सरायपाली निवासी महिला ने नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की ऑनलाइन तरीके से शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार नौकरी लगाने का झांसा देकर दो लोगों ने उससे सवा दो लाख रुपए ठग लिए।

महिला ने अपनी शिकायत सरायपाली थाने में जीरो में दर्ज कराई है। वहां से यह एफआईआर टिकरापारा थाने को मिली है। इसके बाद अब टिकरापारा पुलिस ने इसमें नंबरी कायम कर प्रकरण को विवेचना में ले लिया है। हालांकि प्रार्थिया को तीन दिन के भीतर थाने आकर इस एफआईआर पर हस्ताक्षर करने होंगे।

## सरायपाली पुलिस ने शून्य में ठगी का अपराध दर्ज किया

### ये है नए कानून में शून्य में अपराध दर्ज कराने का प्रावधान




- नए कानून में जीरो एफआईआर दर्ज कराने का प्रावधान शुरू किया गया है। अब किसी भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकेगी और एफआईआर को 15 दिन के अंदर घटनास्थल वाले थाने में ट्रांसफर किया जाएगा। पहले घटनास्थल वाले थाने में ही एफआईआर दर्ज कराई जाती थी।
- कोई भी नागरिक अपराध के सिलसिले में कहीं भी जीरो एफआईआर दर्ज करा सकेगा। जांच के लिए मामले को संबंधित थाने में भेजा जाएगा, अगर जीरो एफआईआर ऐसे अपराध से जुड़ी है, जिसमें तीन से सात साल तक सजा का प्रावधान है तो फॉरेंसिक टीम से साक्ष्यों की जांच करानी होगी।
- फरियादी को एफआईआर और बयान से जुड़े दस्तावेज भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। फरियादी चाहे तो पुलिस द्वारा आरोपी से हुई पूछताछ के बिंदु भी ले सकता है।

### कर रहे जांच

जिले में पहली ऑनलाइन एफआईआर का मामला टिकरापारा थाने में दर्ज हुआ है। धोखाधड़ी के मामले में सरायपाली थाने से शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

**- संतोष कुमार सिंह,** एसएसपी रायपुर


### ऑनलाइन एफआईआर मिली

सरायपाली थाने से ऑनलाइन एफआईआर प्राप्त हुई। इस मामले में नंबरी कायम कर प्रकरण पर कारवाई शुरू कर दी गई है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 420,34 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**- मनोज कुमार साहू,** टीआई, टिकरापारा थाना

# विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना भी ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में मानसून सत्र से ध्यानाकर्षण सूचना सदस्यों से प्राप्त करने एवं विभागों द्वारा पत्राचार करने के लिए ऑनलाइन प्रकिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र के सहयोग से ऑनलाइन ध्यानाकर्षण प्राप्त करने तथा उसका जवाब देने की चरणबद्ध सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण विधानसभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया।

विधानसभा सचिवालय में 11 जुलाई को राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा विधायकों के लिए ऑनलाइन ध्यानाकर्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, प्रशिक्षण कार्यक्रम में लखेश्वर बघेल, नीलकंण्ठ टेकाम, व्यास कश्यप, प्रबोध मिंज, द्वारिकाधीश यादव एवं रायमुनि भगत सहित अन्य विधायकों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुये। साथ ही वर्चुअल माध्यम से भी सदस्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। सत्र में ऑनलाइन प्रक्रिया प्रायोगिक रूप से की जा रही है। विधायकों एवं विभागों को ऑनलाइन के साथ ही पूर्वानुसार ऑफलाइन प्रक्रियाओं के माध्यम से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी।

## खबर संक्षेप



### रायपुर को मिली ऑलओवर चैंपियनशिप ट्रॉफी

**रायपुर।** रायगढ़ क्लब रायगढ़ में तीन दिवसीय 5 से 7 जुलाई तक राज्यस्तरीय 20वीं ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा, अंबिकापुर, बलौदाबाजार, धमतरी, सरगुजा, महासमुंद जिले के 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ जिला अडानी फाउंडेशन की ओर से किया गया। स्पर्धा में ऑलओवर चैंपियनशिप की ट्रॉफी रायपुर को मिली। सीनियर-जूनियर ग्रुप चैंपियनशिप ट्रॉफी में भी रायपुर का कब्जा रहा। सीनियर ग्रुप में विजेता रायपुर और उपविजेता कोरबा रहा। यह जानकारी रायपुर जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव महेश ने देते हुए बताया कि इस टीम के मुख्य कोच अशोक यादव, सहायक कोच मोहन प्रताप और रीना साहू रहे।

### चाकू से किया हमला मोबाइल लूटकर भागे

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र के शंकर नगर में सोमवार तड़के बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक की जांघ पर चाकू से वार कर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक, पेशे से ड्राइवर लोमेश कुमार ने लूट तथा चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। लोमेश ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह तड़के 5 बजे अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था, आरोग्य अस्पताल के पास बदमाशों ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की और मोबाइल लूट लिया। भाग रहे एक बदमाश को लोमेश ने पकड़ने की कोशिश की। तब बदमाश ने उसकी जांघ पर चाकू से हमला कर दिया।

### पान दुकान में धावा 15 हजार की चोरी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक पान दुकान संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ डेढ़ हजार रुपए कैश समेत 15 हजार रुपए के सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, तेलीबांधा गली नंबर 4 में पान दुकान संचालित करने वाले शंकर आसुदानी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शंकर ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसकी दुकान का टीन शेड काटकर दुकान के अंदर प्रवेश किया और दुकान में रखे कास्मेटिक आयटम, सिगरेट तथा कैश पर हाथ साफ कर दिया।

### ट्रक की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक चालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, ट्रक की चपेट में आने से धरसींवा निवासी मोहन सिंह भलावी की मौत हुई है। वह अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान ट्रक सीजी-07 सी-5301 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए मोहन की बाइक को ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर लगने से बाइक सवार गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

# विधानसभा घेराव को लेकर युवा कांग्रेस की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा ने खल्लारी विधानसभा युवा कांग्रेस की बैठक ली। जिनमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। राज्य के भाजपा सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध जैसे की चाकूबाजी, गोली वारी, बढ़ते बिजली बिल तथा प्रीपैड मीटर, महंगाई आदि मुद्दों को लेकर 24 जुलाई को विधानसभा घेराव को लेकर चर्चा की गई। खल्लारी विधानसभा के अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल ने बताया कि 24 को होने वाले विधानसभा घेराव के कार्यक्रम में लगभग 200 युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता के साथ विधान सभा घेराव करने जाएंगे।



कार्यक्रम मुख्य रूप से आकाश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस, तुषार पांडे जिला संयोजक, ताम्रध्वज बघेल विधानसभा अध्यक्ष खल्लारी, लोकेश उइके जिला उपाध्यक्ष, मंता यादव पार्षद, रिहान कोहली, अभिषेक यादव, कृष्णा यादव, कोमल साहू, वीरेंद्र शुक्ला, सोनू सहिस, शिव शंकर साहू, मेघराज साहू, एडिशन ठाकुर, राहुल यादव, राजू यादव, जित्तू चौहान, सनी दुआ, सुनील टांडे, इंद्रा चौहान, लखन बघेल, सुनील वैवहर, हीरादास टंडन, मोहन बांधे, किशन निर्मलकर, केदार ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बागबाहरा में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष का हुआ स्वागत



**महासमुंद।** सरायपाली में टोल टैक्स के विरोध में धरने में भाग लेने आए छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा का वापस रायपुर जाते हुए बागबाहरा पहुंचने पश्चात अंकित बागबाहरा के निर्देश में युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से वीरेंद्र शुक्ला, राजू यादव, कोमल साहू, हीरा टंडन, इंद्रकुमार चौहान, लखन बघेल, मेघराज साहू, अभिषेक यादव, सुनील व्यवहार, किशन निर्मलकर, रिहान कोहली, युवराज साहू, योगेश साहू, लक्की साहू, मुकेश ठाकुर, जागेश्वर ठाकुर, वारिश चौहान, शेरू खान, विद्याधर मांझी, मुरली मरकाम, पुनितराम, तुकाराम चक्रधारी, जय प्रकाश, राकेश, विक्रम सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।

### मरीज के ड्राइवर ने बैग से चोरी किए 49 हजार

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में भाटापारा के एक व्यक्ति ने अपने ड्राइवर के खिलाफ 49 हजार रुपए चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, विशाल भुसारिया ने हेमंत यादव के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। विशाल ने पुलिस को बताया कि वह 10 जुलाई को उपचार कराने खम्हारडीह स्थित एक निजी अस्पताल आया था। इस दौरान उसके वाहन चालक ने बैग से रुपए चोरी कर लिए।

# मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया वृद्ध महिला के शव का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा 16 जुलाई को एक 70 वर्षीया वृद्धा के शव का ससम्मान अंतिम संस्कार कार्य संपन्न किया गया। मृतक वृद्ध महिला के बारे में जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि सराईपाली से 15 किमी दूर दुलारपाली गांव की रहने वाली एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला पुतली बाई साहू का उल्टी दस्त से पीड़ित होने पर उपचार सराईपाली के हॉस्पिटल में उसके पुत्र के द्वारा कराया जा रहा था। जिसे उपचार के बाद भी ठीक नहीं होने पर जिला हॉस्पिटल खरोरा में रेफर किया गया और यहां जिला हॉस्पिटल में 16 जुलाई को उक्त महिला की मृत्यु होने पर उसके अंतिम संस्कार के लिए उनके पुत्र द्वारा मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों से संपर्क किया गया। मृतका महिला के बारे में उनके पुत्र द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अंतरजातीय विवाह के विवाद के कारण उसके मृत शरीर को उनके गृहग्राम नहीं ले जाया गया। उनके पुत्र द्वारा सूचना मिलने पर मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा इस महिला के शव का अंतिम संस्कार स्थानीय दलदली रोड स्थित मुक्तिधाम स्थल में समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, मोहन बावनकर, डॉ एजाज नकवी, फगवा पटेल, मनोज पटेल, गोपाल वर्मा, विजय ठाकुर, गुमान चंद जैन, संजय साहू आदि ने किया।

# पार्किंग ठेकेदार पर रेलवे ने लगाया 5 हजार का फाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खबर का असर**

रेलवे पार्किंग में अवैध पर्ची का खेल, जीएसटी नंबर से लेकर गाड़ी नंबर तक, सब गायब के शीर्षक से 14 जून के अंक में हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद सोमवार को रेलवे प्रशासन ने पार्किंग ठेकेदार पर 5 हजार का फाइन लगाया है। साथ ही पिक एंड ड्रॉप को नियमानुसार संचालित करने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि पार्किंग कर्मचारी लोगों को एक सादे कागज पर ठप्पा लगाकर पैसा वसूल थे, जिसमें गाड़ी नंबर और जीएसटी का जिक्र भी नहीं था। खबर प्रकाशित होने के बाद रेलवे ने जांच के बाद फाइन लगाते हुए पार्किंग ठेकेदार पर कार्रवाई की है, लेकिन लोगों को अब से पार्किंग की वैध पर्ची मिलेगी और सिस्टम का सुधरेगा, इसकी जानकारी भी मंडल के असफर खुद नहीं दे पा रहे हैं।


सामान्य कागज पर सील साइन लगाकर यात्रियों को दी जा रही पार्किंग पर्ची
रेलवे पार्किंग में अवैध पर्ची का खेल, जीएसटी नंबर से लेकर गाड़ी नंबर तक, सब गायब

### फाइन लगाया गया है

पार्किंग ठेकेदार पर अवैध पर्ची को लेकर फाइन लगाया गया है। इससे अधिक जानकारी नहीं दे पाऊंगा।

*- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर मंडल*

### जारी रहेगा अवैध पर्ची का खेल

कम्प्यूटराइज्ड पर्ची नहीं देने के पीछे का कारण वाईफाई में दिक्कत बताया जा रहा है। पार्किंग ठेकेदार ने इसकी जानकारी रेलवे को दी है, लेकिन महीनेभर से वाईफाई की दिक्कत ठीक नहीं हुई है। रेलवे प्रशासन ने भी सिस्टम को बेहतर करने अभी तक कोई प्रयास नहीं किया है। अवैध पर्ची देकर यात्रियों से पैसा वूसलने का काम सोमवार को कार्रवाई के बाद भी जारी रहा। वाईफाई सिस्टम कब सुधरेगा, इसकी जानकारी पार्किंग ठेकेदार और रेलवे प्रशासन भी नहीं दे रहा है। इसीलिए स्टेशन में अवैध पर्ची का खेल जारी रहेगा।

# वाट्स एप ग्रुप बनाकर ऑनलाइन ट्रेडिंग की जानकारी देने के बहाने लूट रहे जालसाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

### जालसाजी की घटना को अंजाम देने वालों में नाइजीरियन शामिल

साइबर ठगी की घटना को अंजाम देने हाईटेक ठग नित-नए प्रयोग कर रहे हैं। ज्यादातर ऑनलाइन ठगी की घटना को अंजाम देने वालों में नाइजीरियन गिरोह के जालसाजों का हाथ होता है। साइबर ठगी की घटना को अंजाम देने वाले जालसाज करने वाट्सएप को नया हथियार बनाकर जालसाजी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। जालसाज वाट्स एप ग्रुप बनाकर लोगों को जोड़ने के बाद उन्हें प्रोफेशनल तरीके से शेयर ट्रेडिंग करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। इसके लिए लोगों को चिन्हित कर उन्हें अचानक ही ग्रुप में जोड़ा जा रहा है और निवेश, रिव्यू आदि के नाम पर ठगी की जा रही है। इस तरह की ठगी में नाइजीरियन के अलावा कई गैंग सक्रिय हैं।

- चोरी की डाटा से आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी जुटाकर जोड़ रहे वाट्सएप ग्रुप में

शेयर ट्रेडिंग के कारोबार की आड़ में ठगी करने वाले जालसाज अपने शिकार की आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी लेने के बाद उन्हें अपने ग्रुप में जोड़ रहे हैं। ग्रुप में पहले से सैकड़ों लोग जुड़े रहते हैं, इस वजह से लोगों को वाट्स एप ग्रुप पर संदेह नहीं होता और वे ग्रुप में जुड़ जाते हैं। ग्रुप में जिन लोगों को जोड़ा जाता है, उन्हें वर्तमान में बाजार में चल रहे शेयर ट्रेड के बारे में जानकारी साझा करते हैं, ऐसा करने की वजह उन्हें अपने झांसे में लेना रहता है।

**स्टॉक मार्केट से मिलते-जुलते नाम से ग्रुप :** जालसाज जो ग्रुप बनाते हैं, उस ग्रुप का नाम स्टॉक मार्केट से जुड़े किसी संगठन, संस्था से मिलता-जुलता रखते हैं। जिस शख्स को ग्रुप में जोड़ा जाता है। उसे कई तरह की जानकारी दी जाती है। मसलन शेयर बाजार के रोज की उतार-चढ़ाव से लेकर ग्रॉफ व चार्ट के माध्यम से ट्रेनिंग दी जाती है। इसमें सेंसेक्स से लेकर स्टॉक मार्केट की तमाम बारीकियों की जानकारी देकर लोगों को झांसे में ले लिया जाता है।




### रकम मांगने पर ग्रुप से लेफ्ट

जालसाजों द्वारा शेयर मार्केट में निवेश कराने और जल्द ही अच्छे मुनाफा का झांसा देकर लोगों के साथ ठगी की जा रही है। जब कोई ग्रुप का मेंबर अपनी जमा रकम मुनाफे के साथ मांगता है तो उसे इस ग्रुप बाहर कर दिया जाता है। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं। इनमें बैंक कर्मी से लेकर कारोबारी भी शामिल हैं, जिनसे लाखों की ठगी की जा चुकी है।

- ग्रुप में जिन लोगों को जोड़ा जाता है, उन्हें वर्तमान में बाजार में चल रहे शेयर ट्रेड के बारे में जानकारी साझा करते हैं

### सावधानी जरूरी

सोशल प्लेटफार्म पर कम समय में ज्यादा मुनाफा देने का वादा करने वाले लोगों के झांसे में आने से बचना चाहिए। अनजान लोगों के वाट्स एप या अन्य किसी तरह के ग्रुप में वित्तीय लेन-देन न करें, तभी लोग ठगी का शिकार होने से बच सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल से कॉल कर कोई शेयर मार्केट में या किसी तरह की वित्तीय लेन-देन में ज्यादा मुनाफा देने का झांसा देता है, ऐसे लोगों से भी बचने के लिए सावधान रहने की जरूरत है।

*- संजय सिंह, डीएसपी क्राइम*

### गूगल रिव्यू और ऑनलाइन ट्रेडिंग में सबसे अधिक ठगी

पिछले कुछ समय में जितनी भी साइबर ठगी की घटनाएं सामने आई हैं, उनमें ऑनलाइन ट्रेडिंग व गूगल रिव्यू को लेकर सबसे अधिक ठगी हो रही है। दरअसल ऑनलाइन ट्रेडिंग में जालसाज जल्द से जल्द इतने मुनाफे का सपना दिखा देते हैं कि लोग लालच में आकर लाखों रुपए लगा देते हैं। ऐसा ही गूगल रिव्यू में भी है। गूगल रिव्यू में घर-बैठे आसानी से लाखों की कमाई करने के चक्कर में लोग फंस रहे हैं।

### टेलीग्राम ग्रुप से भी ठगी

हाईटेक ठग वाट्स एप ग्रुप के बाद ठगी के लिए सबसे ज्यादा उपयोग टेलीग्राम प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। साइबर पुलिस के मुताबिक, टेलीग्राम ग्रुप पर सबसे ज्यादा सक्रिय नाइजीरियन गैंग के जालसाज हैं। नाइजीरियन गैंग के जालसाज टेलीग्राम ग्रुप में देश व विदेश के लोगों को जोड़ते हैं, ताकि लोगों को यह विश्वास हो जाए कि उनकी कंपनी की पूरी दुनिया में शाखाएं हैं।

# मोहल्ले में चला रहे डेयरी, वसूला जुर्माना, एक माह के भीतर शहर से बाहर शिफ्ट करने निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के रहवासी क्षेत्र में डेयरी चलाने वाले तीन संचालकों के विरुद्ध नगर निगम ने कार्रवाई की है। इन संचालकों से 5 हजार से लेकर 15 हजार रुपये जुर्माना राशि वसूल करते हुए एक माह के भीतर डेयरी को शहर से बाहर शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं।

***सीलबंद कर मवेशियों को जब्ती बनाएंगे :*** नगर निगम की टीम ने सोमवार को जोन-1 क्षेत्र में डेयरी संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड-16 में सन्यासी पारा स्थित डेयरी संचालक पर 10 हजार रुपए, रैन बसेरा के पास संचालित यादव डेयरी संचालक पर 5 हजार रुपए तथा गुढ़ियारी क्षेत्र में तिवारी डेयरी संचालक पर 15 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। इन तीनों जगह पर डेयरी संचालन के कारण रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। निगम अधिकारियों ने तीनों डेयरी संचालकों को एक माह के भीतर निगम क्षेत्र के बाहर डेयरी को शिफ्ट करने का समय दिया है। इस समय सीमा में शिफ्टिंग नहीं करने पर डेयरी को सीलबंद कर मवेशियों को जब्ती बनाने की चेतावनी दी है।

### 70 आवारा मवेशियों को पकड़कर गोठानों में छोड़ा गया

शहर में आवारा मवेशियों को पकड़कर गोठानों में छोड़ने का अभियान नगर निगम चला रहा है। इसके तहत 15 जुलाई को शहर के सभी जोन क्षेत्र में अलग-अलग वार्ड से कुल 70 आवारा मवेशियों को पकड़कर काउकेचर वाहन के माध्यम से अटारी व गोकुल नगर गोठान में छोड़ा गया।

# निगम अमले ने गड्ढे में गिरे मवेशी को सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**रायपुर।** महर्षि वाल्मीकि वार्ड क्षेत्र के मैग्नेटो मॉल के पास एक बड़े गड्ढे में अचानक मवेशी गिर गया। आसपास के रहवासियों ने इसकी जानकारी नगर निगम को दी।

इस जानकारी को संज्ञान में लेकर जोन-9 की टीम ने स्थल पर पहुंचकर गड्ढे में गिरे मवेशी को जेसीबी मशीन, बड़ी रस्सी की सहायता और



काऊकैचर टीम की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जोन आयुक्त संतोष पांडे के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू, स्वच्छता निरीक्षक महेंद्र कलिहारी, भोला तिवारी की उपस्थिति में निगम की टीम ने मवेशी को बड़े गड्ढे बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। मवेशी को बाहर सुरक्षित निकाले जाने पर लोगों ने इस नेक कार्य की सराहना की।

# टर्मिनल से यात्रियों को फ्लाइट तक पहुंचाने एयरपोर्ट पर बनेगा चौथा एरोब्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

यात्रियों को टर्मिनल भवन से फ्लाइट तक पहुंचाने के लिए स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर चौथे एरोब्रिज की तैयारी की जा रही है। विमानतल प्रबंधन की निगरानी में यहां सिविल कंस्ट्रक्शन का काम शुरू कर दिया गया। इसमें लगने वाले अन्य उपकरण विदेशों से मंगाए जाएंगे जिसकी प्रक्रिया मुख्यालय स्तर पर पूरी की जाएगी।

अपनी यात्रा की शुरुआत करने वाले यात्रियों को बारिश, गर्मी तथा ठंड से बचाते हुए फ्लाइट तक पहुंचाने के लिए एरोब्रिज का उपयोग किया जाता है। रायपुर विमानतल पर अभी तीन एरोब्रिज कार्यरत हैं, जिसमें से तीसरे का निर्माण करीब दो साल पहले पूरा हुआ था। इसके बाद यहां यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए चौथे एरोब्रिज की योजना को मंजूरी दी गई थी, जिस पर काम शुरू किया जा चुका है। इसका निर्माण पूरा होने के बाद आवाजाही के दौरान किसी एयरक्राफ्ट को रनवे पर अधिक समय तक इंतजार नहीं करना होगा। सूत्रों के अनुसार स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा योजना को मंजूरी मिलने के बाद एरोब्रिज से संबंधित सिविल कंस्ट्रक्शन तैयार करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान विमानपत्तन प्राधिकरण के मुख्यालय स्तर पर इसमें लगने वाले आवश्यक उपकरण सहित अन्य सामान विदेश से मंगाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### वक्त लगने की संभावना

सूत्रों के अनुसार एरोब्रिज का काम पूरा होने में अभी वक्त लगने की संभावना है। सिविल कंस्ट्रक्शन का काम बारिश की वजह से थोड़ा प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा दूसरे देश से आवश्यक उपकरण लाने में वक्त लगने की संभावना है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद एयरपोर्ट प्रबंधन, एयरलाइंस कंपनी सहित अन्य स्टाफ की उपस्थिति में इसका ट्रायल किया जाता है।



### रोजाना 25 फ्लाइट की आवाजाही

रायपुर एयरपोर्ट पर प्रतिदिन विभिन्न शहरों के लिए लगभग 25 उड़ानों का संचालन किया जाता है। लैंडिंग के बाद यात्रियों को उतारने और टेकऑफ के पहले यात्रियों को फ्लाइट के भीतर पहुंचाने के लिए इन एरोब्रिज का उपयोग किया जाता है। रायपुर में प्रतिदिन छह से सात हजार लोग अपनी यात्रा प्रारंभ करने अथवा समाप्त करने के लिए इसका प्रयोग करते हैं।

### यात्री सुविधा में होगी बढ़ोतरी

यात्री सुविधाओं को ध्यान रखते हुए चौथा एरोब्रिज बनाया जा रहा है। इसके लिए सिविल कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। उपकरण मुख्यालय द्वारा मंगाया जाएगा। इसका निर्माण पूरा होने में वक्त लगेगा

*- एसडी शर्मा, निदेशक, एयरपोर्ट रायपुर*

# गैंगस्टर अमन के गुर्गों तक नहीं पहुंचे पुलिस के हाथ, एमपी में दी दबिश

### कारोबारी ग्रुप को झारखंड में मिली सिक्योरिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के रिंगरोड पर शनिवार को गैंगस्टर अमन साव तथा मयंक सिंह के गुर्गों द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम देने की घटना के बाद पुलिस को बदमाशों के संबंध में अब तक कई महत्वपूर्ण क्लू मिल चुके हैं, पर शूटर्स पकड़ से अभी भी दूर हैं। पुलिस के अनुसार अमन को पूछताछ के लिए लाने दो बार कोशिश की गई, लेकिन दोनों बार कामयाबी नहीं मिली। अब अमन को तीसरी बार रायपुर लाने का प्रयास किया जाएगा। शूटआउट में इस्तेमाल पिस्टल बदमाशों को मध्यप्रदेश बड़वानी से उपलब्ध कराने की जानकारी पुलिस को मिली है।


कोल कारोबारी के आफिस के बाहर फायरिंग का मामला
स्टेशन से दिल्ली रूट की ट्रेन से भागे शूटर्स, तीन राज्यों में तलाश करने टीमें रवाना

मामले की जांच में जुटी पुलिस ने बदमाशों को दबोचने मध्यप्रदेश बड़वानी के साथ इंदौर में कई जगहों पर छापे की कार्रवाई की है। पूर्व में बदमाशों को बड़वानी के जिस जगह से पिस्टल उपलब्ध कराई गई थी, पुलिस उस जगह दोबारा पहुंची और संदिग्धों के यहां छापे की कार्रवाई की है।

### पुलिस का दावा- बौखलाहट में की फायरिंग

*पुलिस को आशंका है कि अमन को रायपुर लाने से रोकने बदमाश फायरिंग की घटना को अंजाम दे रहे हैं। अमन को रायपुर लाने 10 जून को जब पहली बार ट्रांजिट रिमांड हासिल की गई, उस दौरान भी बदमाशों ने संबंधित कारोबारी के लोगों के बीच दहशत फैलाने फायरिंग की घटना की। दूसरी बार 12 जुलाई को अमन को रायपुर लाना था, उसके दूसरे दिन बदमाशों ने रायपुर में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया।*

### बदमाश एक-दूसरे को पहचानते हैं या नहीं, क्लीयर नहीं

*पूर्व में शूटआउट की घटना को अंजाम देने से पहले पकड़े गए बदमाश एक-दूसरे को नहीं पहचानते थे। रायपुर आने के बाद उनकी मुलाकात हुई थी। उसी तरह से इस बार भी शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश एक दूसरे को पहचानते हैं या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। शूटआउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को किसी तीसरे व्यक्ति द्वारा कंट्रोल किए जाने की पुलिस ने आशंका व्यक्त की है।*

### सुरक्षा बढ़ाई

*अमन साव गैंग के छद्म नाम का बदमाश मयंक सिंह, जो कथित तौर पर मलेशिया में छिपा बैठा है, उसके द्वारा सोशल मीडिया पर झारखंड में काम कर रहे कारोबारियों को लगातार धमकी दी जा रही है। साथ ही सरकारी ठेका लेने वाले कारोबारियों के कर्मचारियों पर फायरिंग की घटना सामने आने के बाद झारखंड पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है।*

## खबर संक्षेप



### छात्रा चंचल के सैटेलाइट संबंधी अनुभव को मैगजीन में मिला स्थान



**महासमुंद।** अमेरिका की प्रतिष्ठित मैगजीन हाइलाइट चैंप्स के विशेषांक इंटू द फ्यूचर में स्पेस संबंधी कार्यक्रमों के तहत शासकीय आशी बाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा रही एवं आजादी सैट सैटेलाइट 2.0 की शाला की टीम लीडर चंचल साहू से इंटरव्यू कर सैटेलाइट संबंधी अनेक अनुभव को मैगजीन में स्थान दिया गया है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा, सीईओ स्पेस किड्ज़ इंडिया डॉ श्रीमती केसन, अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी चंद्रशेखर मिथिलेश, आजादी सैट की टीम एवं शाला परिवार ने हर्ष जताया है।



### तुमगांव में विद्युत पोलों में लगाए जा रहे एलईडी लाइटः धर्मेंद्र

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल के नेतृत्व में वार्ड नं 06 के युवा पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव द्वारा बरसात के दिनों में वार्ड नं 06 के गली मोहल्ले व मुख्य चौक चौराहों पर एलईडी बल्ब स्ट्रीट लाइट लगवाए जा रहे। ताकि, वार्डवासियों को रात्रि के समय आवागमन कोई परेशानी न हो। क्योंकि, अधिकांश रात में ही जहरीले जीव-जंतुओं का डर बना रहता है। पार्षद धर्मेंद्र यादव ने वार्ड में स्वयं उपस्थित रहकर सभी विद्युत पोलों में लाइट लगवाया गया।



सांसद रूपकुमारी चौधरी को टोल प्लाजा के संबंध में प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन दिया गया।



बसना विधायक संपत अग्रवाल से टोल प्लाजा के संबंध में चर्चा की गई।

**आंदोलन : व्यापारी महासंघ, वाहन मालिकों, विधायक सहित अन्य संगठनों का सहयोग**

# टोल टैक्स फ्री करने की मांग को मिल रहा है चौतरफा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में पड़ने वाला टोल प्लाजा छुईपाली और ढांक में स्थानीय वाहनों को टोल टैक्स फ्री करने की मांग को लेकर विगत 11 जुलाई से वाहन मालिकों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं इस मांग को लेकर वाहन मालिक संजय चौधरी भूख हड़ताल पर भी बैठ गए हैं।

वाहन मालिकों की मांग को समर्थन देने के लिए व्यापारी महासंघ, वाहन मालिकों, बार एसोसिएशन सहित अन्य संगठन के साथ ही स्थानीय विधायक चातुरी नंद भी वहां पहुंची। सभी ने एक स्वर में मांग को जायज बताते हुए कहा कि स्थानीय निवासियों को अनेक कार्यों से जिला मुख्यालय सहित राजधानी रायपुर भी जाना पड़ता है। इससे टोल टैक्स के नाम पर उन्हें अच्छी खासी रकम चुकानी पड़ती है। जिले के निवासियों को हो रहे आर्थिक नुकसान के लिए उन्होंने भी स्थानीय वाहनों को टोल टैक्स से छूट दिए जाने की मांग की।

### विधायक देवेंद्र ने कलेक्टर को टोल टैक्स यूनिट से मुक्त रखने लिखा पत्र

**सरायपाली।** विधायक देवेंद्र यादव भिलाई नगर ने अपने पत्र में लिखा कि युवा कांग्रेस संजय चौधरी द्वारा महासमुंद सीजी 06 टोल टैक्स फ्री करने के संबंध में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे है। जिसके अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर छुईपाली तहसील-बसना जिला महासमुंद में टोल टैक्स यूनिट स्थापित की गई है। जिससे महासमुंद जिले के आसपास के ग्रामीणों को दैनिक दिनचर्या, व्यापार एवं अन्य छोटे-बड़े कार्यों के लिए राजधानी रायपुर आवागमन करना पड़ता है। आवागमन के दौरान महासमुंद जिले यातायात विभाग अंतर्गत पंजीकृत वाहन मालिकों को टोल शुल्क देना पड़ रहा है। विरोध करने पर वाद-विवाद की स्थिति बनी रहती है, जो कि उनके जेब पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड रहा है, जो कि उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः महासमुंद जिले के पंजीकृत वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर छुईपाली तहसील-बसना जिला महासमुंद सीजी 06 में टोल टैक्स यूनिट से गुक्त रखा जाए ताकि, बिना किसी व्यवधान के आवागमन कर सकें।

# कांग्रेस के विस घेराव को सांसद ने बताया सियासी ड्रामेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ कहा : कांग्रेस अपने शासनकाल के आईने में खुद का नकारापन और सच्चाई देखे

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ की कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस द्वारा विधानसभा के घेराव के ऐलान को सियासी ड्रामेबाजी बताते हुए कहा है कि प्रदेश में अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार सतत ठोस कदम उठा रही है और मुद्दाविहीन हो चली कांग्रेस इसमें ओछी राजनीति कर रही है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि दरअसल कांग्रेस नेताओं को अपने पिछले शासनकाल के आईने में अपने नकारापन की सच्चाई देखना चाहिए, जब पूरा प्रदेश अपराधगढ़ बन गया था और प्रदेश के तत्कालीन गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपराधों की रोकथाम के मामले में अपने हाथ खड़े कर दिए थे। भाजपा सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि आज भाजपा सरकार में प्रदेश को एक ऐसा दृढ़ निश्चयी गृह मंत्री मिला है, जो न केवल अपराधों की रोकथाम के लिए सतत प्रयत्नशील है, अपितु प्रदेश को नक्सलियों के आतंक से मुक्त करने की दिशा में तेजी और सख्ती से पहल कर रहा है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि दरअसल कानून-व्यवस्था तो कांग्रेस के लिए एक बहाना भर है, मूल बात यह है कि जिन नक्सलियों के साथ कांग्रेसियों का भाईचारा है, वे नक्सली कांग्रेस की दुखती रग हैं, और उनके समूल उन्मूलन के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा संकल्पित हैं और कांग्रेसी कानून-व्यवस्था का प्रलाप मचाकर शर्मा के खिलाफ एक साजिशाना और झूठा नैरेटिव चला रहे हैं। श्रीमती चौधरी ने कहा कि बीजापुर का कांग्रेसी नेता तेलंगाना में हार्डकोर नक्सली के साथ पकड़ा गया था और यहां भूपेश



सरकार के मंत्री उसके अपहरण की कहानी सुना रहे थे। कांग्रेस के शासन में छत्तीसगढ़ में 1 माह में चार भाजपा पदाधिकारियों की टारगेट किलिंग हुई थी। इससे अधिक शर्मनाक बात और क्या हो सकती है कि झारखंड के गैंगस्टर भी छत्तीसगढ़ के कारोबारियों को वसूली के लिए धमाके करके धमका रहे थे। जब भूपेश बघेल सहित चार तत्कालीन मंत्री अपने जिले को नहीं संभाल पा रहे थे तो कांग्रेसी बताएं कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति का धनी-धोरी कौन था? श्रीमती चौधरी ने कहा कि कानून-व्यवस्था के मसले को लेकर फिजूल की सियासी नौटंकियों और अनर्गल प्रलाप के बजाय कांग्रेस बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए रचनात्मक भूमिका का निर्वहन करे।

# दिव्यांग टिकेश्वर एवं गौरी को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर प्रभात मलिक ने दिव्यांग टिकेश्वर पटेल एवं गौरी खंडेल को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की चाबी सौंपी। कलेक्टर ने दोनों से चर्चा कर उनके कामकाज के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने दिव्यांगों को जरूरत और आवश्यकता मुताबिक मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का तकनीकी ज्ञान और प्रशिक्षण देने कहा तथा समय-समय पर बैटरी चार्ज और अन्य तकनीक के बारे में जानकारी लेने की बात भी कही। 34 वर्षीय दिव्यांग टिकेश्वर पटेल पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम अठारहगुड़ी के रहने वाले है, जो सब्जी एवं फल व्यवसाय का कार्य करता है। 30 वर्षीय गौरी खंडेल ग्राम रेमडा में निवास करती है, जो पूर्व में निजी कंप्यूटर ऑपरेटर थी। कलेक्टर के हाथों ट्राई साइकिल पाकर वे दोनों बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि पहले आने-जाने के लिए परिजन या किसी व्यक्ति का सहारा लेना पड़ता था। मोटराइज्ड ट्रायसायकल मिल जाने से अब उन्हें गांव या गांव से बाहर आने-जाने में आसानी होगी। दिव्यांग टिकेश्वर पटेल ने बताया कि अब उन्हें अपने व्यवसाय द्वारा आर्थिक स्थिति में और सुधार करने का मौका मिलेगा। इसी तरह गौरी खंडेल ने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से मुझे अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर मिला है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक संगीता सिंह ने बताया कि दोनों दिव्यांग 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं, इसलिए ऑटोमेटिक ट्राई साइकिल समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई है। ताकि, वे अपने रोजमर्रा के काम सरलता से करे तथा रोजगार कर अपना जीवन यापन कर सकें।

# मोदी के पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने जनता पर महंगाई का बोझ : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि बढ़ती महंगाई को रोकने मोदी सरकार का दावा खोखला साबित हो रहा है। अब लोगों के रसोई का बजट गई गुना बढ़ गया है। केंद्र सरकार समय रहते महंगाई को रोकने उचित कदम उठाते तो महंगाई दर आज उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचता। महंगाईमैन मोदी देश की जनता पर महंगाई का बोझ दिन प्रतिदिन बढ़ा रही है। इससे गरीब से मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन यापन दूभर हो गया है। चंद्राकर ने पीएम मोदी को महंगाई के लिए जिम्मेदार बताते हुए कहा कि देश में बेतहाशा बढ़ती महंगाई ने आम लोगों के जीवन को काफी प्रभावित किया है। निरंतर हो रहे मूल्यवृद्धि के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर है। पहले खुदरा महंगाई ने परेशान किया और अब थोक महंगाई की दर भी लगातार बढ़ी है। जून में देश की थोक महंगाई दर 16 महीने के उच्चतम स्तर 3.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 फीसदी थी, जो बढ़कर आज 3.36 फीसदी पहुंच गई।

# सोरिद स्कूल में सेवानिवृत्त होने पर शिक्षकों को दी गई विदाई, किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोरिद में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक गणेशचंद्र गोहिल सेवानिवृत्त हुए हैं। शासकीय हाईस्कूल एवं मिडिल स्कूल व ग्रामवासियों द्वारा सम्मान समारोह व विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कर्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक गणेशचंद्र गोहिल, विशेष अतिथि शाडीएमएस स्कूल के समन्वयक चंद्रशेखर डोरा एवं तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष प्रमोद तिवारी, संध्या गोहिल, थी। अध्यक्षता संस्था प्रमुखद्वय प्राचार्य धरम महानंद, प्रधान पाठक सरिता तिवारी ने किया। प्राचार्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत शिक्षक की शैक्षिक सफर को संक्षिप्त में विभिन्न पहलुओं का उल्लेख किया। शिक्षक गोहिल सोरिद में 17 वर्ष सेवाएं दी। उन्होंने कुल 38 वर्षों तक संवा प्रदान किए। अपने उद्बोधन में में बच्चों की अच्छी शिक्षा एवं देश सेवा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य महानंद ने उनकी दीर्घायु की कामना की। प्रधान पाठक सरिता ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सोहन लाल साहू एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता सुखेन द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम पूर्व सरपंच सुशीला गंधर्व, पंचराम यादव, प्रमोद ध्रुव, सीएच एलविना, तारकेश्वरी मानिकपुरी, शांतनु वर्मा, राम कुमार जांगड़े, तारकेश्वर साहू, पूजा श्रीवास्तव, नेहा संगतानी, मंजू दीवान, चंदन गेंड्रे, सेवन सेन, दिव्या ध्रुव, मंगतीन ध्रुव, सगुना ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## भाजपाई 19 को सुनेंगे लोगों की समस्याएं



**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा, पार्षद देवीचंद राठी, पवन साहू, मोहन साहू, हनीश बग्गा, विक्की गुरुदत्ता, सुरेंद्र महाराज, जितेंद्र साहू, राकेश सचदेव एवं भाजपाइयों द्वारा 17 जुलाई बुधवार को एसडीएम कार्यालय में शासकीय अवकाश के चलते अब शुक्रवार 19 जुलाई को 11 से 12 के बीच एसडीएम कार्यालय परिसर में जनता की समस्याओं को लेकर आम लोगों से भेंट करेंगे। उन समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार से मिलेंगे एवं लोगों की समस्याओं के हल के लिए चर्चा कर समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, क्षेत्रीय महासचिव संगठन अजय जामवाल की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि आम जनता की समस्याएं सुनी जाए और अधिकारियों द्वारा उन समस्याओं का निराकरण किया जाए। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति में भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेताओं द्वारा बदली हुई परिस्थितियों में जनता की समस्या दूर करने के लिए कार्य करने के निर्देश के पालन में प्रति बुधवार एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। डॉ चोपड़ा ने आम लोगों से आह्वान किया है कि बुधवार प्रातः 11 बजे से 12 बजे के मध्य उनसे एसडीएम कार्यालय परिसर में मिलकर अपनी राजस्व विभाग एवं अन्य सरकारी विभाग से संबंधित समस्याएं बता सकते हैं। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

**काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान का स्थापना दिवस**

# काव्यांश ने किया महासमुंद विधायक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



काव्यांश साहित्य एवं कला पथक संस्थान का स्थापना दिवस काव्यांश भवन प्रांतीय कार्यालय मुख्य मार्ग महासमुंद में योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक के मुख्य आतिथ्य एवं संस्थान के संरक्षक वरिष्ठ विधिवेत्ता प्रलय थिटे, वरिष्ठ साहित्यकार साधना कसार, सहायक प्राध्यापक डॉ. सीमा रानी प्रधान, वरिष्ठ भाजप नेता रमेश साहू के विशिष्ट आतिथ्य व संस्थान के अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया गया। जिसमें स्वाति जगत ने अपनी सुमधुर आवाज में सरस्वती वंदना व काव्यांश गौरव गान की प्रस्तुति दी। हरियर छत्तीसगढ़ व एक पेड़ मां के नाम थीम पर संस्थान द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत गमला युक्त पौधा से किया गया। संरक्षक उमेश भारती गोस्वामी ने स्वागत भाषण में कहा कि 14 वर्ष पूर्व बोया गया संस्था का बीज आज विशाल वट वृक्ष के रूप में हजारों साहित्य साधकों का आश्रय बनकर उन्हें आगे बढ़ने में सहयोग प्रदान कर रहा है।

संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष भागवत जगत भूमिल ने अपनी अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नवोदित साहित्यकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ही संस्था का स्थापना किया गया है। आज संस्था में साहित्यकारों के साथ-साथ बड़ी संख्या में कलाकार भी जुड़े हुए हैं, जिनके पास हजारों की संख्या में कलाकृतियां संग्रहित है, जिसे सहेजना संस्था का उद्देश्य है। संस्कृति को बचाये रखने के लिए हमने विलुप्त होती वाद्ययंत्रों का बड़ी संख्या में संग्रह किया है।

मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महासमुंद का नाम साहित्य के क्षेत्र में प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में है। मैं उम्मीद करता हूं कि इस परंपरा को वर्तमान पीढ़ी भी आगे बढ़ाएगी। यह जानकर मुझे सुखद आश्चर्य हो रहा है कि साबुन को कला का माध्यम बनाकर हजारों कलाकृति तैयार करने वाला जयराम पटेल भी हमारे शहर से हैं। मैंने संग्रहित वाद्ययंत्रों का भी अवलोकन किया है। निश्चित ही आप लोगों का कार्य सराहनीय है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप लोगों के इस पुनीत कार्य में मुझसे जो भी सहयोग की अपेक्षा होगी, मैं उसे पूरी तत्परता के साथ पूरा करने का प्रयास करूंगा। संस्था में पहली बार शिरकत कर रहे मुख्य अतिथि विधायक का संस्थान ने शॉल-श्रीफल व अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता प्रलय थिटे ने बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवाओं पर अपनी रचना न मातमी धुन होंगे न झंडे झुकाई जाएगी पढ़कर खूब तालियां बटोरी। उपस्थित साहित्यिकारों ने प्रलय थिटे को उनके जन्मदिन के अवसर पर साल-श्रीफल व अभिनंदन-पत्र भेंट कर मुंह मीठा कराया। संस्था की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सीमारानी प्रधान को शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ उपाधि पीएचडी पूर्ण कर लेने पर संस्थान द्वारा उन्हें साल-श्रीफल व अभिनंदन-पत्र से सम्मानित किया गया। विधायक सिन्हा एवं अतिथियों द्वारा संस्थान के वरिष्ठ साहित्यकार जीतेश्वरी साहू सचेता की रचना स्वर्ण उजास तथा डॉ सरोज साव दामिनी की रचना दामिनी की वाणी पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान साहित्यकारों ने रचना पाठ की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डी बसंत साव, बंधु राजेश्वर खरे, अधिवक्ता सलीम कुरैशी, डोमार राम साहू, राजेश शर्मा, प्रकाश बघेल, फारूख मोहम्मद, श्लेष चंद्राकर, झगेश साहू, मनोज यादव भावरिया, कुंदन प्रजापति, सिद्धेश्वर साहू, गुलाब ठाकुर, दिनेश चौबे, तृप्ति खरे, पुष्पा गजपाल, द्रौपदी साहू, अंजू सोनछत्र, बोधिता निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष सुरेंद्र मानिकपुरी तथा संस्थान के महासचिव जयराम पटेल ने आभार व्यक्त किया।

## जनसमस्या निवारण शिविर धनेसरा में 18 को

**कांकेर।** जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साल का पहला जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर नरहरपुर विकासखण्ड के सरोना क्लस्टर के आश्रित ग्राम पंचायत धनेसरा में 18 जुलाई को आयोजित होगा। उक्त शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें सरोना क्लस्टर के ग्राम भैंसमुंडी, गंवरसिल्ली, भिरौद, बुदेली, करप, डंवरखार, मुड़पार, सरोना, चोरिया, साल्हेभाट, कुम्हानखार, सारण्डा, लेण्डारा, बांसपत्तर और ग्राम रावस के ग्रामीण शामिल होंगे।

## महासमुंद बायपास की पुरानी योजना वापस, अब नई योजना बनाने का टेंडर जारीः चोपड़ा

**महासमुंद।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने महासमुंद शहर बायपास को लेकर पिछले वर्ष 2019 से 2024 तक कांग्रेस शासन एवं उसके जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी प्रकार की रुचि न लेने के कारण केंद्र सरकार ने बायपास की अपनी पुरानी योजना को वापस ले लिया। अब नए एलाइमेंट के लिए नदी मोड से ओडिशा सीमा तक संपूर्ण रोड के विकास के लिए नई योजना बनाने का टेंडर जारी किया है। इस टेंडर की स्वीकृति अगले माह होने के पश्चात एनएच- 353 के विकास की नई योजना बनाकर काम किया जाएगा। महासमुंद में बायपास एवं ओवरब्रिज की मांग काफी महत्वपूर्ण थी, जिसे भाजपा के केंद्र एवं राज्य शासन ने पूर्ण करने का काम किया। ओवरब्रिज छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने बनवाया और बायपास के लिए केंद्र ने राज्य को सर्वे कर रिपोर्ट देने पिछले 5 साल से कहा। परंतु, राज्य शासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। केंद्र सरकार को इसका डीपीआर सर्वे का काम प्राइवेट कंपनी को देना पड़ा। डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि महासमुंद का विकास भाजपा ने कराया है और आगे भी महासमुंद का विकास भाजपा कराएगी।

# मशरूम उत्पादन पर छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर महासमुंद द्वारा 4 जुलाई से 10 जुलाई तक ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मशरूम उत्पादन पर छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का ग्राम धनसुली कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में मशरूम उत्पादन की तकनीकी सैधांतिक व प्रायोगिक रूप से जानकारी लेकर उनमें कार्यकुशलता विकसित करना है। ताकि वे इसे लघु व्यवसाय के रूप में अपनाकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सके तथा बेरोजगारी से रोजगारी की दिशा में अग्रसर हो सके। इस कार्यक्रम में डा. सतीश वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख द्वारा मशरूम की महत्व व संभावनाओं के विषय में प्रशिक्षणार्थियों को उद्बोधन दिया गया। उन्होंने बताया कि मशरूम उत्पादन को समूह के माध्यम से भी इसे व्यवसायिक रूप से लिया जा सकता है। रजनी डी. आगाशे वैज्ञानिक (कृषि विस्तार) द्वारा मशरूम के पौष्टिक व औषधीय गुण, आयस्टर मशरूम, पैरा फुटू मशरूम उत्पादन विषय पर सैधांतिक एवं प्रायोगिक रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अगले दो दिनों तक डा. प्रफुल्ल सोनी सहायक प्रध्यापक कृषि महाविद्यालय व अनुसंधान केंद्र कांपा द्वारा (मशरूम बीज) बनाने के




विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिणार्थियों को केंद्र के उत्तम साहू द्वारा मशरूम स्पान बनाने में उपयोग में आने वाले उपकरणों की प्रायोगिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम धनसुली तथा नयापारा के युवतियों ने भाग लिया। यह आयोजन विशेषज्ञ रजनी डी. अगाशे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रोहित बांधे, टुम्मन लाल साहू एवं ओंकार साहू का विशेष योगदान रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत डा. सतीश वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद द्वारा ग्राम पंचायत धनसुली परिसर में पौधरोपण किया गया। ग्रामीणों तथा प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भी भाग लिया गया। कार्यक्रम डा सतीश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। 28 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मशरूम उत्पादन के लिए आवश्यक सामग्री जैसेः- मशरूम स्पान, बाविस्टीन, फार्मालीन इत्यादि का वितरण भी किया गया।